**NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH**

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

## रेल वर्कर में प्रकाशनार्थ

दिनांकः 24.8.2020

डा0 एम. राघवैय्या जी
महामंत्री–एन.एफ.आई.आर.
नई दिल्ली

विषयः– **रेल बचाओ भारत देश बचाओ नारे के साथ भारत सरकार द्वारा DA/DR पर रोक, प्राईवेटाईजेशन एवं श्रम कानूनों से छेड़छाड़ के विरोध में NCRES ने तीनो मण्डलो में किया जबरदस्त विरोध प्रदर्शन।**

महोदय,

दिनांक 9 अगस्त 2020 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के भारत छोड़ो आन्दोलन छेड़े जाने के समय भारत वर्ष की समस्त ट्रेड यूनियनों के सामूहिक निर्णय, NFIR/INTUC के आवाहृन एवं नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ (NCRES) के **महामंत्री श्री आर.पी. सिंह** के दिशा–निर्देश पर नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ की प्रयागराज, झांसी, आगरा मंडलों की समस्त शाखाओं ने रेल बचाओ, DA/DR पर रोक, श्रम कानूनों में बदलाव, NPS एवं बहुत समय से लम्बित कर्मचारी कल्याण के तमाम मुद्दों को लेकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान सोशल डिस्टेन्सिंग, मास्क आदि समस्त निर्देशों का पालन किया गया।

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में NCRES की समस्त शाखाओं ने दिनांक 4 अगस्त 2020 से 9 अगस्त 2020 तक जोन के हर छोटे–बड़े कार्यालय में कर्मचारियों से मिल कर विरोध प्रदर्शन एवं पम्पलेट बांटने का कार्य किया।

प्रयागराज मण्डल में प्रयागराज के अतिरिक्त कानपुर, टूण्डला, अलीगढ़, चुनार, मिर्जापुर में प्रदर्शन किया। साथ ही छोटे–छोटे स्टेशनो पर NCRES के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों के बीच सरकार की नीतियों का विरोध किया।

दिनांक 9 अगस्त 2020 को विरोध दिवस समापन के दिन संघ के **महामंत्री श्री आर.पी.सिंह** ने प्रयागराज में कहा कि अब "करो या मरो" का समय आ गया है। भारत सरकार बी.एस.एन.एल. की भाँति रेलवे को भी प्राइवेट हाथों में बेचने जा रही है। उन्होने आगे कहा कि मुनाफे वाले रूट पर प्राईवेट ट्रेन चलाने से रेलवे का मुनाफा कम होगा एवं कम फायदे के रूट पर जनहित में रेल चलने से अन्ततः रेल उद्योग बीमार हो जाएगा एवं सरकार उसे बेच देगी।

प्रयागराज स्टेशन पर प्रदर्शन के दौरान हुई सभा में **मंडल मंत्री श्री गोबिन्द सिंह** ने कहा कि कोरोना की आड़ में सरकार श्रम कानूनों में बदलाव कर श्रम संगठनों को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है जिसे किसी कीमत पर स्वीकार नही किया जाएगा एवं समस्त रेल कर्मचारी इसका पुरजोर विरोध करेंगे। सभा में भारी संख्या में रेल कर्मचारियों ने भाग लिया एवं सरकार विरोधी नारे लगाये।

इस अवसर पर **सहायक महामंत्री एस. के मिश्रा, एवं आलोक सहगल** ने कहा कि न्यून्तम वेतन 26000 करने, मल्टीप्लीकेशन फैक्टर बढ़ाने, ग्रेड पे 2400–2800 / 4600–4800 का मर्जर, एपेक्स ग्रुप "सी" से ग्रुप "बी" गैजटेड कैडर में अपग्रेडेशन आदि मुद्दों पर सरकार ने कुछ नही किया एवं रेलवे / ट्रेनों को प्राइवेट हाथों में देने का कार्य कर रही है, जो कि रेल हित में नही है।

वही हेडक्वाटर शाखा ने **सहायक महामंत्री एस.के.सिंह एवं सत्यनारायण** ने शाखा **मंत्री सुरेन्द्र तिवारी** के नेतृत्व में सूबेदारगंज स्थित टी.आर.डी. कार्यालय मे प्रदर्शन किया और कहा कि NPS रद्द करने की कर्मचारियों की मांग पर सरकार कुछ नही कर रही है एवं कर्मचारियों को छल रही है।

इस दौरान मुख्य रूप से **मंडल मंत्री गोबिन्द सिह, सहायक महामंत्री एस. के मिश्रा, सत्यनारायण, आलोक सहगल, एस.के.सिंह, अखिलेश सिंह राठौर** एवं शाखाओं **से श्री बी. के. यादव, सत्यम गुप्ता, राकेश कुमार, एस.के.शर्मा, ए.के.पोद्दार, राम विनय सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, राजीव वर्मा, राजीव पाण्डेय, अनिल यादव, राम चन्द्र, योगेन्द्र वर्मा, श्यामवीर, नगेन्द्र बहादुर, आजाद, राजेश गौड़, शास्त्री देवी, रूबी, मो. आमिर, सतेन्द्र बहादुर सिंह** आदि मौजूद रहे।

कानपुर की शाखाओं द्वारा श्री मान सिंह, मण्डल अध्यक्ष (प्रयागराज मण्डल) व श्री अरूण कुमार राय, मण्डल अध्यक्ष (मुख्यालय) के नेतृत्व में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें शाखाओं के शाखा मंत्री श्री अनूप यादव, श्री रवि शंकर सिंह, सिराज अहमद, गोबिन्द रंजन, आर. एन. पी. सिंह, प्रभात कुमार आदि की अगुवाई में रेल कर्मी भारी संख्या में उपस्थित रहे। फतेहपुर में शाखा सचिव कुलदीप सिंह के नेतृत्व में फतेहपुर स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया गया। वही मिर्जापुर में शाखा मंत्री श्री रवि रंजन के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

टूण्डला की शाखाओं द्वारा एन.सी.आर.ई.एस. के अध्यक्ष श्री सैय्यद शकील हैदर के नेतृत्व में शाखा मंत्री **श्री अशोक कुमार, अजय लाल, जयपाल** के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस निकाल कर सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों, डी.ए. / डी.आर. पर रोक, नई पेंशन योजना को समाप्त करने, रेलवे को प्राइवेट आपरेटरो से बचाने, लार्जेस योजना को फिर से शुरू करने इत्यादिमुददो का जमकर विरोध किया। जुलूस–प्रदर्शन व सभाओं में श्री सचिन कुमार, राहुल मीना, निरंजन लाल, एम. एल. मीना, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र मीणा, महेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, सोरन सिंह आदि लोगो ने भाग लिया।

प्रयागराज सहित पूरे प्रयागराज मण्डल के सभी छोटे–बड़े शहरो, कस्बो के प्रमुख समाचार पत्रो में NCRES के विरोध प्रदर्शन को प्रमुखता से जगह दी।

इसी कम में झांसी मण्डल में **श्री वी. जी. गौतम , मंडल मंत्री व श्री राम कुमार सिंह, मण्डल अध्यक्ष** के नेतृत्व में झांसी मण्डल की समस्त शाखाओं ने रेल बचाओ, देश बचाओं कार्यकम के अन्तर्गत सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। शाखाओं में जागरूकता अभियान के माध्यम से पूरे सप्ताह कर्मचारियों से जनसम्पर्क किया गया एवं सरकार द्वारा रेल कर्मचारियों के विरूद्ध बनाई जा रही नीतियों से अवगत कराया गया। ग्वालियर में हुई एक बड़ी सभा में **मण्डल अध्यक्ष राम कुमार सिंह** ने अपना आकोश व्यक्त करते हुये रेल के निजीकरण को देश के लिये घातक बताया, साथ ही कहा कि महंगाई भत्ता पर लगाई गई रोक अविलम्ब वापस ली जाय, नई पेंशन स्कीम रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाय। वहीं झांसी में एक सभा को सम्बोधित करते हुये **मण्डल मंत्री श्री वी. जी. गौतम** ने कहा कि सरकार द्वारा पदो का अन्धाधुन्ध सरेन्डरीकरण बन्द किया जाय। ट्रैकमैन एवं संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों को रिस्क एवं हार्डशिप एलाउंस का भुगतान बढ़ी हुई दरो से किया जाय, व रिक्त पदो को शीघ्र भरा जाय। धरना, प्रदर्शन व सभाओ में मुख्य रूप से सर्वश्री सुरेश कुमार राय, विवेक चड्ढा, नीरज दुबे, महेन्द्र सेन, श्री राजेश गुप्ता, श्री इन्द्र विजय सिंह, श्री कामता साहू, संजीव नायक, ग्वालियर शाखा से श्री राजेश त्रिपाठी, अरूण कुमार, एस. के. सिंह, बांदा से श्री के. के. त्रिपाठी, ललितपुर से श्री पी. सी. मीना, श्री टी. पी. सिंह, श्रीमती नीलम सिंह, श्रीमती सरिता दास आदि समेत सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम

का संयोजन सहायक महामंत्री श्री बी. पी. एस. चन्देल, मीडिया प्रभारी उमर खान, एवं कार्यकारिणी सदस्य विवेक चड्ढा ने किया।

वहीं आगरा मण्डल में **श्री ए. के. दधीच, मण्डल मंत्री व श्री अक्षयकान्त शर्मा, मण्डल अध्यक्ष** की अगुवाई में सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में रेल बचाओ, देश बचाओ नारे के साथ प्रदर्शन हुआ। सरकार द्वारा डीए/डीआर के भुगतान पर रोक, भत्तो पर रोक, नई भर्ती पर रोक, रिक्त पदो को सरेंडर करना, श्रम कानूनो में अनावश्यक संशोधन करने इत्यादि पर अपनी नाराजगी प्रकट की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से श्री दीपक गोयल, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष, श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री जी. एस. शर्मा, श्री पी. के. सोनी, श्री विजेन्द्र मिश्र, घनश्याम मीना, उत्तम कुमार, सी.एच. सारस्वत, राजकुमार मौर्या, हरिओम भारद्वाज, दुलीचन्द, वी. के. शर्मा, एस. के पाठक, जी. वी. मीना, जसवंत सिंह, अतुल दुबे, उमेश बाबू आदि समेत सैकड़ो रेल कर्मियों ने शिरकत किया।

सलग्नः– फोटो, पेपर कटिंग

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री